सार-समाचार

प्याऊ का संचालन शुरू



करौली, (निसं)। नव सृजन फाउंडेशन की ओर से करौली के राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रेरित युवा भाई धीरज की पुण्य स्मृति में एक विनम्र नवाचार पानी की प्याऊ का संचालन शुरू किया है। करौली शहर के फूटाकोट स्थित टंटा हनुमान मंदिर पर पानी कि प्याऊ का संचालन किया गया है आगे भी इनकी स्मृति के रूप में सेवाभाव के कार्य टीम के द्वारा संचालित होते रहेंगे। इस अवसर पर युवा वैभव पाल ने बताया की सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा सहित शहर के गणमान्य वरिष्ठ नागरिकएव वैभव शुक्ला, तपन व्यास, राहुल जादौन, महेंद्र जादौन, मन्नू शर्मा,यश पाराशर, आकाश राजावत, नीरज शर्मा,उत्कर्ष शर्मा, केशव भारद्वाज,कान्हा व्यास, पंकज जोशी,लवकुश शुक्ला शिवम सैन एवं आदि युवा उपस्थित रहे।

सतसंग व प्रसादी का कार्यक्रम आज

हिण्डौन सिटी, (कासं)। महवा रोड स्थित महन्त केवलदास समाधि स्थल पर हर वर्ष की इस बार भी सदगुरू कबीर प्रगटय दिवस के अवसर पर शोभायात्रा व सत्संग का कार्यक्रम मंगलवार को रखा जाएगा। जानकारी देते हुए प्रकाश कबीरा व रिटा. अध्यापक गिर्राज प्रसाद बताया कि 10 जून मंगलवार को महन्त, दीवान, संत श्रद्धालु स्नेहीजन को आमंत्रित करते हुए सद्गुरू कबीर साहेब की असीम कृपा से कबीर आश्रत पर सदगुरू कबीर प्रागटय दिवस 10 जून मंगलवार को होगा। इस अवसर पर शोभायात्रा आनन्दी चौका, सत्संग एवं भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रातः 7.15 बजे से शोभायात्रा जाटव छात्रावास से सदगुरू कबीर आश्रम तक दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक भोजन प्रसादी व सायं 6 बजे से आनन्दी चौका व सत्संग का कार्यक्रम होगा।

जुआ खेलते चार जने गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। उदेई मोड थाना पुलिस ने राजमहल होटल के पीछे शानू फॉर्म हाउस से जुआ खेलते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 12,400 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और वृत्ताधिकारी संतराम मीना के सुपरविजन में थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। सहायक उप निरीक्षक भगवत सिंह को नादौती सर्किल गंगापुरसिटी में मुखबिर से सूचना मिली थी। गिरफ्तार आरोपियों में हिंडौनसिटी के अल्ताब उर्फ गुल्लक (24), गंगापुरसिटी के रामकेश (35), श्रीमहावीरजी के संजय (25) और गंगापुरसिटी के मोनू जाटव (28) शामिल हैं। पुलिस ने चारों के खिलाफ थाना उदेई मोड में मामला दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक भगवत सिंह, कॉन्स्टेबल पवन कुमार, बनवारीलाल और जयप्रकाश की टीम शामिल रही।

सोनोग्राफी सेंटर का किया निरीक्षण

करौली, (निसं)। जिले में पीसीपीएनडीटी अधिनियम की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीणा ने 3 सोनोग्राफी सेंटर का औचक निरीक्षण एफ फॉर्म की जांच की और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के निर्देश प्रदान किये। सीएमएचओ द्वारा भगवान महावीर हॉस्पिटल स्थित सोनोग्राफी सेंटर, पारस सोनोग्राफी सेंटर और एस. आर. सोनोग्राफी का औचक निरीक्षण किया जहां उन्होंने सेंटर संचालक को पीसीपीएनडीटी एक्ट की पालना के निर्देश प्रदान कर रजिस्ट्रेशन रजिस्टर और फार्म एफ की स्थिति से अवगत हुए और विजिट रजिस्टर बनाने, तरीकेबद्ध डाटा इंद्राज करने और कमियों को समय पर पूरा करने के निर्देश प्रदान कियेजिला कार्यक्रम समन्वयक पीसीपीएनडीटी नगीना शर्मा ने एक्टिव ट्रेकर की जानकारी जुटाकर मुखबिर योजना की आईईसी प्रदर्शन बढ़ाने की आवश्यकता जताई। निरीक्षण दौरान डीपीसी-आईईसी लखन सिंह लोधा मौजूद रहे।

एक दिवसीय कन्हैया दंगल कल

करौली, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित खादी भंडार के सामने आम बस्ती कि ओर से एक दिवसीय विशाल कन्हैया दंगल का आयोजन 11 जून बुधवार को किया जा रहा है। आयोजन समिति के भैरोलाल ठेकेदार ने बताया कि विशाल कन्हैया दंगल में कन्हैया दंगल पार्टी दुर्गेसी घटा दिमाचडी मंडावरी और बाड़ा पिपलाई कन्हैया दंगल पार्टी शामिल होकर धार्मिक रचनाओं को कन्हैया के माध्यम से दंगल में प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन करेंगी आयोजन खादी भण्डार आम बस्ती की ओर से आयोजित किया जा रहा है आयोजन को सफल बनाने के लिए गिर्राज ठेकेदार,मन्नू ठेकेदार,लाला भगत,गोपी,झंडू ठेकेदार सहित आम बस्ती की ओर से तैयारी की जा रही है।

बजट घोषणाओं व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की



भरतपुर में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

भरतपुर, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने आगामी हरियालो राजस्थान अभियान अंतर्गत पौधारोपण करने के लिए विभागवार शीघ्र ही स्थान चिन्हित कर गड्डे करने के निर्देश दिए, सभी संबंधित अधिकारी विभागवार अपनी मांग वन विभाग और जिला परिषद को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यानुसार नर्सरियों में पौधे तैयार रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने 20 जून तक आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत के विभागवार विभिन्न गतिविधियों को निर्धारित पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए, साथ ही सभी संबंधित अधिकारी अपने विभागवार जल संरक्षण, जल स्त्रोतों की सफाई, तालाब, बावडी निर्माण, परंपरागत जलाशयों के पुनरूद्धार, वृक्षारोपण के लिए गड्डे करने, पर्यावरण व जल संरक्षण की गतिविधियां संचालित कर कार्य में प्रगति करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुये आरबीएम अस्पताल में नवीन ब्लॉक में एवं क्रिटिकल केयर यूनिट अन्य वार्डों के कार्यों में प्रगति एवं जनाना अस्पताल के पीछे दीवार बनाने और गेट लगाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शहर के बाईपास निर्माण, फ्लाईओवर के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक स्वीकृतियां समय पर पूरी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस के सहयोग से एलसी 38 आरओबी से अतिक्रमण हटाकर रोड ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में प्रगति करें। उन्होंने कहा कि बरसात आने से पूर्व सुरक्षा की दृष्टि से शीघ्र क्षतिग्रस्त सडकों पर पैचवर्क किया जाए जिससे आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने यातायात चौराहे से भगतसिंह चौराहे तक के अधूरे सडक मार्ग को शीघ्र ही पूरा कर डामरीकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आरएसआरडीसी से आयुर्वेद कॉलेज के नवीन भवन निर्माण कार्य, उच्चौन आईटीआई, वैर आईटीआई, लोहागढ स्टेडियम में स्पोर्ट कॉम्पलेक्स के सिंथेटिक ट्रैक सहित अन्य कार्यों में प्रगति करने एवं कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दीनदयाल नगर में अतिक्रमण हटाकर पौधारोपण करने की कार्य योजना बनाए एवं तारबंदी भी की जाए। रणजीत नगर में भी पौधरोपण करने हेतु गड्डे करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने बरसात से पूर्व शहर में नालियों और नालों की साफ-सफाई करवाने, सीवरेज के कार्यों को गति देने, शहर के सभी जल कुण्डों की सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एडीएम सिटी को निर्देश दिए कि रात्रि में शहरी क्षेत्र की सडकों एवं चौराहे पर रोड लाइट नियमित सुचारू रूप से संचालित रहे। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई में एवं राजस्थान मुख्यमंत्री सम्पर्क पोर्टल पर स्टार एवं लंबित प्रकरणों की प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग योजनाओं, बजट घोषणाओं सांसद एवं विधायक निधि के स्वीकृत कार्यों की प्रगति के निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुये कार्यकारी ऐजेन्सियों के साथ संबंधित विभाग भी कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखकर समयबद्धता से कार्य पूरा कराने के लिये टीम भावना के साथ कार्य करें।

उन्होंने सडक निर्माण, भवन निर्माण कार्य, पेयजल, विद्युत सुविधाओं से संबंधित कार्य को गति देते हुये शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए।इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुलसिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, सचिव बीडीए नीलिम तक्षक, निदेशक घना मानस सिंह, सीओ सिटी पंकज यादव सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर का निरीक्षण किया

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल महिला सेवा समिति गंगापुर सिटी द्वारा अग्रवाल खंडेलाल भवन ट्रस्ट (श्री बद्रीनाथ जी के मंदिर) में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि 15 दिवसीय समर शिविर में निरीक्षण करने हेतु समाज के पदाधिकारी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग, जिला अध्यक्ष गोविंद बरनाला, अग्रवाल कर्मचारी विकास समिति अध्यक्ष राधामोहन गोयल ने कैंप का निरीक्षण कर शिविर की काफी सराहना की।

इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष पदमा अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल खंडेलवाल धर्मशाला ट्रस्ट समिति अध्यक्ष रविंद्र खण्डेलवाल, चंचल गुप्ता अनीता मित्तल, महेंद्र गर्ग व संतोष गर्ग, अध्यक्ष पदमा अग्रवाल सहित समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभी बच्चों को रोजाना अल्पाहार कराया जा रहा है। जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग ने शिविर की व्यवस्थाओ की सराहना करते हुए आयोजक मण्डल को धन्यवाद दिया। शिविर मुख्य संयोजक सरोज गर्ग और मंजू मंगलम ने बताया कि 150 के करीब रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। अग्रवाल विकास कर्मचारी परिषद अध्यक्ष राधा मोहन गोयल, देवेंद्र अकाउंटेंट , घनश्याम गुप्ता, बालकृष्ण बंसल द्वारा आज सभी बच्चों को आइसक्रीम वितरित की गई।



अभिरूचि शिविर का अवलोकन करती समाज की महिलाएं।

ब्राह्मण समाज प्रदेश उपाध्यक्ष सावित्री शर्मा, तहसील अध्यक्ष रेणु व्यास ने रविवार को शिविर कार्यक्रम का निरीक्षण किया और अग्रवाल महिला सेवा समिति द्वारा लगाए गए शिविर को देख के बहुत उत्साहित होते हुए कहा कि इस तरह के कैंप रोजगार की दिशा अंकित करते हैं। इस दौरान हंसा जिंदल, अनीता पंसारी, अंजू जिंदल, अंजू मालधनी, हेमलता अग्रवाल, हेमलता सिंघल, लक्ष्मी गुप्ता, सुनीता तुलारा, कृष्णा गुप्ता, गीता गर्ग आदि महिलाएं उपस्थित थी।

ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

करौली, (निसं)। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बबलू शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पिछडे वर्ग के छात्र-छात्राओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि इसी कडी में निःशुल्क अनुदानित छात्रावास एवं आवासीय विद्यालय एक मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जिसके माध्यम से छात्र-छात्राऐं आसानी से अपना पंजीयन करवा कर पात्रता अनुसार अधिक से अधिक लाभ ले सकते है। विभाग द्वारा संचालित विद्यालय, महाविद्यालय स्तरीय राजकीय एवं अनुदानित छात्रवासों एवं आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के संबंध में विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किये जाने की व्यवस्था लागू है। जिसके अन्तर्गत विभागीय छात्रावासों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रवेश पोर्टल के माध्यम से भरे जायेगे।

हर्षवर्धन शर्मा सलाहकार नियुक्त

गंगापुर सिटी, (निसं)। निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग राज.सरकार जयपुर ने आदेश के द्वारा नगर परिषद गंगापुर सिटी में स्थानीय न्यायालयों में पैरवी हेतु वरिष्ठ अधिवक्ता हर्षवर्धन शर्मा एवं दिनेश चंद्र शर्मा एवं रजत गुप्ता को विधि सलाहकार नियुक्त किया है।

पोस्टर व मॉडल प्रतियोगता आयोजित

भरतपुर, (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर ग्रामीण उद्यिमता कृषि जागरूकता अभियान के तहत कृषि स्नातक विद्यार्थियों को उच्च कृषि तकनीकी ज्ञान से अवगत कराने के लिए पोस्टर एवं मॉडल प्रतियोगता आयोजित की गयी।

महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि प्रदर्शित मॉडलों में समन्वित कृषि मॉडल सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि किसानों को समन्वित खेती अपनानी चाहिए। किसान अपने खेत पर गेंहू, सरसों, बाजरा, ज्वार, तिल आदि फसलें उगाते हैं, यह एकल खेती किसानों के लिए लाभकारी नही है। उन्होंने कहा कि किसान फसलों के साथ बागबानी व पशुपालन भी अपनायें। फसलों से उत्पादित भूसा व दाना पशुओं के चारे के काम आयेगा। पशुओ के दूध से अधिक आमदनी होगी। उन्होंने कहा कि किसान गोबर गैस प्लांट भी लगाये। गोबर गैस प्लांट से गैस मिलेगी जिससे रसोई में खाना बनाने व घर में प्रकाश करने के काम में लाया जा सकता। उन्होंने बताया कि इससे प्राप्त स्लरी एक बेहतरीन खाद होता है जो कि खेत की सेहत सुधारने व फसलोत्पादन बढाने से उपयोगी है। किसान अपने ट्यूबवैल पर परिवार के उपयोग लायक फल व सब्जी भी उगाये। फल एवं सब्जियों की उच्च तकनीकी खेती किसान के लाभ को कई गुना बढा देती है। समन्वित खेती में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग होता है, इससे किसान की आमदनी बढती है।

सार-समाचार

रात्रि चैपाल कार्यक्रम जारी

करौली, (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने जून माह के लिये रात्रि चैपाल कार्यक्रम जारी किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप 13 जून शुक्रवार को करौली पंचायत समिति की ठााम पंचायत काशीपुरा, 17 जून मंगलवार को नादौती पंचायत समिति की ठााम पंचायत बरदाला, 24 जून मंगलवार को मण्डरायल पंचायत समिति की ठााम पंचायत पांचैली, 26 जून गुरूवार को हिण्डौन पंचायत समिति की ठााम पंचायत लहचैडा में सांय 6.30 बजे से रात्रि चैपाल आयोजित कर संवेदनशीलता के साथ जन समस्याऐं सुनी जायेंगी और मौके पर अधिक से अधिक परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करवाया जाकर परिवादीयों को राहत प्रदान की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये।

विकलांग सहायता समिति ने दिव्यांगों को उपकरण बांटे

भरतपुर, (निसं)। श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा समिति प्रांगण में सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आनंद गुप्ता, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी दिल्ली, दीपिका मेहता, सुभाष बंसल ,बंसल मिष्ठान भंडार, बासन गेट भरतपुर, प्रतिभा आर्य भरतपुर, एवं प्रमोद कुमार सिंघल, क्लॉथ मर्चेन्ट, पुराना डाक खाना भरतपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, कान की मशीन, कृत्रिम पैर प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था सचिव डॉ यू.एस. जूरैल, कोषाध्यक्ष दीपिका मेहता, कार्यकारिणी सदस्य, चंद्रशेखर लवानिया, आजीवन सदस्य लोकेश सिंघल, समिति कर्मचारी कृष्ण कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

जल संरक्षण संरचनाओं के कार्य शुरू

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के तहत सोमवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण द्वारा नवीन अमृत सरोवर व नये जल संग्रहण एवं जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यों का शुभारम्भ किया गया। हरियालो राजस्थान के अंतर्गत खड्डे आदि बना कर आगामी वर्षा ऋतु में रोपित किये जाने हेतु पौधारोपण की तैयारी की गई। प्राचीन तालाब, जोहड़ इत्यादि की साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य किये गये। वहीं घास बुआई की पूर्व तैयारी साथ ही चारागाहों का चिन्हीकरण एवं पौधारोपण कार्यों की अठिाम तैयारी की गई। उन्होंने बताया कि "कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान" के तहत आवश्यक स्वीकृति, गावों के जल स्त्रोतों की मैपिगं, साफ-सफाई, मरम्मत, सोख्ता गडढो की साफ-सफाई, गांवो के मुख्य मार्गो, चैराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई का कार्य श्रमदान कर किया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक निर्माण द्वारा सरकारी भवनों में स्थित त्ज्र्भै की साफ-सफाई, रोड साइड पौधरोपण हेतु अग्रिम तैयारी की गई। कलेक्टर ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के तहत आज 10 जून मंगलवार को जलठाहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.1 के अंतर्गत किये गये पूर्ण कार्यों का अवलोकन, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.2 के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों को स्वीकृत करने की कार्यवाही कि।

आम सूचना

मैं कि सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. इन्दल सिंह आयु 58 वर्ष जाति जाट निवासी ग्राम बीलौठ उप तहसील लखनपुर तहसील नदबई जिला भरतपुर (राज.)हाल निवासी म.नं. 241, जसवन्त नगर, भरतपुर (राज.) का हूं। मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राजकुमार व उसकी पत्नी श्रीमती संजू उर्फ कीर्ति झगडालू किस्म के लोग हैं, आये दिन बेवजह तंग व परेशान करते हैं एवं गाली-गलौच करते रहते हैं। राजकुमार घर में आये दिन उत्पात मचाता है एवं गलत संगत में पड गया है। ये दोनों मेरा व मेरी पत्नी का कहना नहीं मानते हैं व समझाने पर झूठे मुकदमे लगाने की धमकी देते हैं तथा संजू उर्फ कीर्ति के परिजन मेरे व मेरी पत्नी के विरूद्ध दहेज का झूठा मुकदमा लगाने की धमकी देते हैं। इसलिए मैं मेरे पुत्र राजकुमार व उसकी पत्नी संजू उर्फ कीर्ति को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में मेरा पुत्र राजकुमार व संजू उर्फ कीर्ति किसी से कोई लेन-देन करते हैं या पूर्व में कोई लेन-देन किया हो या किसी प्रकार की अवैध हरकतें एवं मुकदमेबाजी करते हैं तो उसके लिए समस्त कानूनी, विधिक व आपराधिक कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिससे मेरा व मेरी पत्नी का कोई भी संबंध व सरोकार नहीं होगा।

आम सूचना

मैं गुड्डी बाई पत्नि स्व. श्री रामभजन मीना निवासी मॉंच तह. व जिला करौली शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि मेरे पति श्रीरामभजन मीना की 06.06.2024 को मृत्यु हो चुकी है। जिसके नाम एक ट्रेक्टर नं. RJ34RA7902 हैं। मैं उनकी धर्मपत्नि हूँ। अब उनके नाम के वाहन को मेरे नाम कराना चाहती हूँ। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के अन्दर जिला परिवहन कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकता है। समय निकलने बाद आपत्ति स्वीकार नही मानी जावेगी।

अपील की सुनवाई के लिये नियम दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 के नियम 14)
नाम न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी स्थान सवाई माधोपुर
मंजू वगै. विरूद्ध विकास वगै.
अपील 225 आर.टी.एक्ट
अपील नं.... सन....

श्रीमान S.D.O. सी टोडाभीम के न्यायालय की तारीख 28/6/24 को.... की अपील

नाम मोहर सिंह पुत्र धुन्धी जाति मीना स्थान लाडपुर तहसील टोडाभीम जिला करौली

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में.... की डिक्री की अपील... द्वारा उपस्थित की गई इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता. 17 माह 06 सन 25 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी।

यह आज तारीख 02 माह 06 सन् 25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

अन्तर्गत धारा 225 आर.टी.एक्ट
न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी महोदय सवाई माधोपुर

1. मंजू पत्नि अभिषेक जाति जागा निवासी शिवजी नगर, शास्त्री नगर, जयपुर।
2. रीना देवी पत्नी प्रहलाद जाति मीना निवासी नसिया कोलोनी गंगापुरसिटी तह. व जिला गंगापुर सिटी।

....अपीलान्टस्

बनाम

1. विश्राम पुत्र शिवलाल
2. लज्जा पुत्री शिवलाल
3. हुकनबाई पुत्री शिवलाल
4. बिरना पुत्री शिवलाल
5. चौथी पुत्री शिवलाल
6. बालकिशन पुत्र श्रीराम
7. सोनबाई पत्नी श्रीराम
8. लख्खो बाई पुत्री श्रीराम
9. नीरी पुत्री श्रीराम
10. गुड्डी पुत्री श्रीराम
11. किन्तों पुत्री श्रीराम
12. रामसहाय पुत्र जोहरी
13. धर्मी पुत्र भीका
14. भम्बल पुत्र भीका
15. काडू पुत्र भीका
16. धनौला पुत्री भीका
17. लोटनबाई पुत्री भीका
18. लखनबाई पुत्री भीका
19. गल्ली पुत्री भीका
20. मल्ली पुत्री भीका
21. निरमा पुत्री भीका
22. सरोज पुत्री भीका
23. मोतीलाल पुत्र धुन्धी
24. रामप्रसाद पुत्र धुन्धी
25. मोहरसिंह पुत्र धुन्धी 4
26. रणवीर पुत्र धुन्धी
27. भूरी पुत्री धुन्धी
28. काडी देवी पत्नी धुन्धी समस्त जातियान मीना निवासी लाडपुर तहसील टोडाभीम जिला गंगापुरसिटी ।
29. कल्लू बेग पुत्र अहमद बेग
30. जरीना पुत्री अहमद बेग, जातियान मुसलमान निवासीयान काजी, पाडा, टोडाभीम तहसील टोडाभीम, जिला करौली
31. रहीसा पुत्री अहमद बेग, जातियान मुसलमान निवासीयान काजी, पाडा, टोडाभीम तहसील टोडाभीम, जिला करौली
32. सितारा पुत्री अहमद बेग, जातियान मुसलमान निवासीयान काजी, पाडा, टोडाभीम तहसील टोडाभीम, जिला करौली
33. तहसीलदार महोदय, तहसील टोडाभीम ।
34. सबरजिस्ट्रार महोदय, तहसील टोडाभीम ।

मोहर रेस्पोण्डेन्टस

साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय व समन्वयता से कार्य करने को कहा। उन्होंने बताया कि आगामी समय में मानसून को देखते हुए वर्षा जल संरक्षण व संठाहण को बढावा देने एवं अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए आमजन को जागरूक करें। जिससे अभियान को जिले में सफल बनाया जा सके। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा को विभिन्न स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संस्थानों के नियमित निरीक्षण, चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए आदेशित किया।बैठक में गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने जिले के शहरी एवं ठाामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए जन-स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभागके अधीक्षण अभियंता प्रकाशचंद मीना को निर्देशित किया। जिससे गर्मियों के दिनों में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। बैठक में उन्होंने अधीक्षण अभियंता से मौजूदा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से संबन्धित जानकारी प्राप्त की। जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान प्रगति की समीक्षा की और हेंडपम्प मरम्मत अभियान की प्रगति के सम्बंध में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। इस दौरान जिला कलक्टर ने पीएचईडी, विद्युत व चिकित्सा विभाग को सक्रिय रहकर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये है। बैठक में जिला कलेक्टर ने कृषि, सड़क, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, मानवाधिकार आयोग कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई व रात्रि चैपालों में प्राप्त प्रकरणों एवं 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार की मंशा अनुरूप आगामी मानसून के देखते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मार्मिक पहल हरियालो राजस्थान के तहत वृहद वृक्षारोपण महाअभियान को जिले में सफल बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां विभागवार सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त विभागाध्यक्षों को दिये।

जिला कलेक्टर ने राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक पर शत-प्रतिशत कार्यवाही कर नियमित रूप से डिस्पोजल करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, उप वन संरक्षक सुमित बंसल आदि मौजूद रहे।

क्रिश्चियन मोर्चा ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा मांगपत्र

भरतपुर, (निसं)। देश में ईसाई समुदाय के खिलाफ बढ़ती हिंसा व अत्याचारों के खिलाफ तथा आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा ने सोमवार को शहर में प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा।

इस मौके पर राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा ने ज्ञापन में कहा कि ईसाई समुदाय ने देश में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा व सामाजिक कल्याण में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए लंबे समय से योगदान दिया है, लेकिन इसके बावजूद भी इस समुदाय के विशेषकर अनुसूचित जाति से जुडे लोगों के खिलाफ बढ़ती हिंसा व समुदाय व लोकतंत्र को परिभाषित करने वाली बहुलतावाद दोनों को खतरे में डाल रही है। उन्होंने कहा कि देश की 140 करोड की आबादी में ईसाई समुदाय की संख्या 2.3 प्रतिशत है, जिन्होंने हमेशा देश में संविधान, देशभक्ति, बंधुत्व व समानता व स्वतंत्रता के मूल्यों को बनाए रखा। लेकिन इसके बावजूद भी कुछ लोग मौलिक अधिकारों के खिलाफ जाकर इस समुदाय के लोगों को बेवजह प्रताडित करने का काम कर रहे है, जबकि मौलिक अधिकारों के विरोध में संसद को भी कानून बनाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि यूनाईटेड क्रिश्चियन फोरम के आंकडों के अनुसार वर्ष 2024 में हिंसा और प्रताडऩा की 834 घटनाएं दर्ज गई, जो कि वर्ष 2023 में 734 से अधिक थी।



भरतपुर में राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

ईसाई समुदाय के खिलाफ शत्रुता और हिंसा को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्र के असहिष्णु दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी संगठन रहे है।मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने मांग की कि सभी हिंसा की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कर आरोपियों को जवाबदेह ठहराया जाए, धार्मिक, स्वतंत्रता अधिनियमों की समीक्षा कर उनके दुरूपयोग पर रोक लगाई जाए, राज्य सरकारों को धार्मिक समाता और स्वतंत्रता को बनाए रखने के निर्देश दिए जाए, अनुसूचित जाति के ईसाई आरक्षण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में तेजी लाई जाए, जोखित में पड़े ईसाई समुदायों के लिए सुरक्षात्मक तंत्र को मजबूत किया जाए, अंतर धार्मिक संवाद को बढ़ावा देकर सांप्रदायिक सदभाव के लिए एक राष्ट्रीय मंच स्थापित किया जाए।

राजपूत सभा ने दी श्रद्धांजलि

गंगापुर सिटी, (निसं)। क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह के आकस्मिक निधन पर राजपूत सभा सवाईमाधोपुर की तरफ से एक श्रृद्धांजली सभा का आयोजन होटल नरूका प्राइड में सोमवार को सुबह 11 बजे किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाध्यक्ष दीपक सिंह नरूका ने रोल साहव के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्पांजली अर्पित कर किया। जिलाध्यक्ष ने रोल साहव के द्वारा समाज हित में किए गए कार्यो को याद करते हुए कहा कि रोल साहव के नाम से मशहूर भगवान सिंह जी ने अपना जीवन समाज सेवा में व्यतीत कर दिया। उनके सौम्य व्यवहार के सभी कायल थे। जिला महा मंत्री महेश पाल जादौन ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिलाध्यक्ष दीपक नरूका, महामंत्री महेश पाल जादौन, महूकलां अध्यक्ष शिम्भू सिंह, अजय सिंह राठौड, रघुराज सिंह, नरेश सिंह कुंसाय आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत मूडियॉ पंचायत समिति टोडाभीम जिला करौली

क्रमांक / ग्रा.प./ निविदा /2025/03 दिनांक : 9/6/2025

ई-निविदा सूचना 2/2025-26

ग्राम पंचायत मूडियॉ मे वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत महात्मा गॉंधी नरेगा योजना एवं अन्य सभी पंचायती राज योजनान्तर्गत करवाये जाने वाले कार्यो मे निर्माण सामग्री आपूर्ति की दर अनुमोदन हेतु संविदा वाणिज्यिक कर विभाग में जीएसटी अधिनियम-2017 के अन्तर्गत पंजीकृत फर्मों से ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से ग्राम पंचायत स्तर पर ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। संवदेक/फर्म निविदादाता के द्वारा निविदा का सम्पूर्ण विस्तृत विवरण बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in तथा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN NO. ZKR2526A0153
UBN NO. ZKR2526GLOB00231

(अतरसिंह) ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मूडियॉ — (सजन देवी) सरपंच, ग्राम पंचायत मूडियॉ